Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request government to give stoppage of Train No. 22439 (Vande Bharat Express) running from New Delhi to Mata Vaishno Devi at Pathankot.

श्री किशन कपूर (कांगड़ा): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से माता वैष्णो देवी जाने वाली गाड़ी संख्या 22439 वन्दे भारत एक्सप्रैस का पठानकोट स्टेशन पर स्टापेज दिया जाए । यह गाड़ी नई दिल्ली, अम्बाला, लुधियाना, जम्मू तवी से होकर माता वैष्णो देवी जाती है । लुधियाना के पश्चात् इस गाड़ी का स्टापेज जम्मू तवी है । मेरा अनुरोध है कि लुधियाना के पश्चात् गाड़ी को आते-जाते समय पठानकोट में स्टापेज दिया जाए । पठानकोट रेलवे स्टेशन आधे हिमाचल का प्रवेश द्वार है । पठानकोट के आसपास सैनिकों का बेस स्थापित है । इस गाड़ी के पठानकोट पर स्टापेज होने से सभी सैनिक भाइयों को लाभ होगा । हिमाचल प्रदेश के बहुत से लोग सेना में कार्यरत हैं । हिमाचल बहुत बड़ा पर्यटन स्थल है । हिमाचल को देवी-देवताओं की भूमि भी कहा जाता है । हिमाचल बहुत ही सुंदर प्रदेश है । हिमाचल में देश और विश्व के कोने-कोने से बहुत पर्यटक आते हैं । हिमाचल प्रदेश में परम पूजनीय दलाई लामा जी के दर्शन करने के लिए बौद्ध धर्म के बहुत अनुयायी आते हैं ।

अगर इस ट्रेन का पठानकोट में स्टापेज दिया जाएगा तो हिमाचल प्रदेश को पर्यटन में लाभ होगा, लोगों को रोजगार मिलेगा और सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा ।